## कोडरमा गया रेलखंड पर टनकुप्पा में मालगाड़ी हुई बेपटरी, कई ट्रेनें रहीं रद्द

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** धनबाद रेल मंडल के कोडरमा गया रेल खंड स्थित टनकुप्पा स्टेशन के पास मालगाड़ी की 3 बोगियां बेपटरी हो गई। इस हादसे के बाद अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। वहीं इस रुट से चलने वाली कई ट्रेनों को मार्ग बदलकर चलाया गया है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि धनबाद मंडल के कोडरमा गया रेलखंड के बीच टनकुप्पा स्टेशन पर मंगलवार 27 दिसम्बर की सुबह 3.15 बजे प्वाइंट संख्या 51/एबी अप लाइन पर मालगाड़ी के 3 वैगन के बेपटरी होने के कारण अप लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर गोमो एवं गया से दुर्घटना राहत यान पहुंच चुका है और पटरी से मालगाड़ी को हटाया जा रहा है। इधर दुर्घटना के कारण कई ट्रेनों का परिचालन परिवर्तित कर किया गया वहीं कुछ ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है।
मार्ग बदल कर चलाई गयी ट्रेनें जिन्हे वाया गोमो-धनबाद- प्रधान खंटा- कुलटी- झाझा- पटना- पंडत दीन दयाल उपाध्याय जं. होकर किया गया, उनमें 1. 13009 हावड़ा- योगनगरी ऋषिकेष दून एक्सप्रेस, 2. 12311 हावड़ा- कालका मेल, 3. 12938 हावड़ा- गाँधीधाम एक्सप्रेस, 4. 12825 राँची-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस,5. 22307 हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस, 6. 12321 हावड़ा-छत्रपति महाराज शिवाजी टर्मिनस एक्सप्रेस, 7. 12987 सियालदह-अजमेर सुपर फास्ट एक्सप्रेस शामिल हैं। वहीं 13305/13306 धनबाद-डेहरी ऑन सोन- धनबाद इंटससिटी और 13553 आसनसोल- वाराणसी एक्सप्रेस को रद्द कर दिया गया।

## स्विफ्ट डिजायर और बाइक की टक्कर, दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की सुबह 9 बजे जिले के तिलैया थाना अंतर्गत महाराणा प्रताप चौक के समीप स्विफ्ट डिजायर और बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल युवकों की पहचान मो सोहैल (18 वर्ष, पिता सज्जाद) और आरिस (18 वर्ष) दोनों जलवाबद के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों युवक अपनी बाइक से तिलैया से कोडरमा की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान महाराणा प्रताप चौक के समीप एक कार के जोरदार टक्कर मार देने से मोटरसाइकिल सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की आवाज जोरदार थी और घटना के बाद काफी संख्या में लोग जुटे। युवकों को आसपास के लोगों ने 108 के सहयोग से कोडरमा सदर अस्पताल लाया।

## नहीं रहे अधिवक्ता दीपक कुमार, शोक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता एवं झारखंड राज्य विधिज्ञ परिषद के पूर्व सदस्य दीपक कुमार का बीती रात पुणे स्थित अस्पताल में इलाज के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। वे 61 वर्ष के थे और किडनी में शिकायत के बाद चेकअप के लिए पुणे गए थे। वहीं उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर बुधवार 28 दिसम्बर को विमान से रांची लाया जाएगा एवं अंतिम संस्कार रांची में ही किया जाएगा। बुलंद आवाज के धनी दीपक कुमार मूलतः झुमरीतिलैया के रहने वाले थे और कोडरमा कोर्ट में भी बतौर अधिवक्ता उन्होंने कार्य किया था।

## आज समाहरणालय परिसर में रोजगार मेला का आयोजन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेन्टर, कोडरमा कार्यालय के द्वारा 28 दिसम्बर को कोडरमा समाहरणालय परिसर में पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2022 का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने दी। उन्होंने कहा कि योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे जिला नियोजनालय, कोडरमा में अथवा साइट पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त रोजगार मेले में नियोजक, नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (2 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षातकार हेतु उपस्थित हो सकते है। वैसे उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन करवाने की आवश्यकता नहीं है। रोजगार मेले में कोविड -19 हेतु निर्गत दिशानिदेर्शों का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे और सभी कोविड अनुरूप व्यवहार सामाजिक दूरी का अनुपालन, मास्क लगाना व सेनेटाइजर, ग्लब्स का इस्तेमाल करें।

## दो सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** तिसरी थाना अंतर्गत कनेवादा के समीप मंगलवार की सुबह 10:00 बजे टेंपो और बाइक की टक्कर में बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। घायल की पहचान केदार साव उम्र 50 वर्ष पिता रामधनी साव ग्राम भंडारी गिरिडीह के रूप में हुई है। घायल को कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों द्वारा इलाज चल रहा है। वहीं दूसरी घटना में डोमचांच हाई स्कूल के समीप बाइक से गिरकर एक युवक घायल हो गया। घायल युवक की पहचान राजा कुमार (पिता शशि भूषण राम, ग्राम तेतरियाडीह, डोमचांच) के रूप मे हुई है। घटना के बाद आनन-फानन में डोमचांच रेफरल अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज करके कोडरमा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## पासवान जन कल्याण समिति की बैठक



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** पासवान जन कल्याण समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक सर्बोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप स्टेडियम में मंगलवार को किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय महासचिव भिखारी पासवान तथा संचालन विद्यासागर पासवान ने की। बैठक में समाज में बढ़ रहे कुरीति, अंधविश्वास, दहेज प्रथा इत्यादि को मिटाने का संकल्प लिया गया। साथ ही साथ मरकच्चो प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में केंद्रीय कमेटी के सदस्य पूरन पासवान, तीरथ पासवान, जिला कोषाध्यक्ष बाल गोविंद पासवान, प्रखंड अध्यक्ष प्रकाश पासवान, प्रखंड कोषाध्यक्ष सुशील पासवान, मुरारी राम, अश्विनी पासवान, रामदेव पासवान, सिकंदर पासवान, रंजीत पासवान, सुभाष पासवान आदि उपस्थित थे।

## समिति सदस्य बनने पर नौशाद आलम का हुआ स्वागत

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री 15 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समित कोडरमा जिला का सदस्य जेएमएम युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नौशाद आलम को बनाया गया। मंगलवार को मरकच्चो ब्लॉक चौक पर कार्यक्रम आयोजित कर उनका स्वागत फूल माला पहना किया गया। मौके पर नौशाद आलम ने कहा कि अल्पसंख्यक, अनसुचित जाति, अनसुचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग के लिये सरकार द्वारा चलाये जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओ को धरातल पर उतारने की कोशिश करेंगे। मौके पर जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष तिवाकर तिवारी, जे एम एम नेता मो खलील, राजद जिला महासचिव सरफराज खान, मोमिन कॉन्फ्रेंस जिला अध्यक्ष नौशाद अंसारी, मिन्हाज अंसारी, अफजल मियां, अबुल अंसारी, मिस्टर अंसारी, मो इमरान, संजय वर्मा, सिता राम साव, माजिद आलम समेत कई लोग मौजूद थे।

## खेल विद्यार्थी जीवन का अभिन्न अंग : दशरथ प्रसाद

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में लगातार 1 महीने से चल रहे फुटबॉल नॉकआउट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला अष्टम अ बनाम दशम ब के छात्रों के बीच खेला गया। विधिवत उद्घाटन विद्यालय के व्यवस्थापक रामदेव प्रसाद यादव तथा प्राचार्य दशरथ प्रसाद राणा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बता दें कि विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विगत एक महीने से फुटबॉल नॉकआउट टूनार्मेंट का आयोजन हो रहा था जिसमें सभी क्लास के विद्यार्थियों ने अपना प्रदर्शन दिया। फाइनल में अष्टम अ तथा दशम ब के छात्रों ने जगह बनाया। भाग लिए हुए सभी वर्ग के खिलाड़ियों को मेडल तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने कहा कि खेल मानव जीवन का अभिन्न अंग है इससे आपसी सहयोग तथा भाईचारे में वृद्धि होता है। पेनल्टी कॉर्नर से दशम ब के छात्रों ने अष्टम अ को 1-0 से पराजित किया।

# कोरोना से निपटने के लिए प्रशासन तैयार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कोरोना के नए वेरिएंट के खतरे को लेकर केंद्र और राज्य सरकारें अलर्ट हैं और तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में मगंलवार को हजारीबाग जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों का मॉक ड्रिल किया गया। राज्य सरकार ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की है। राज्य सरकार के निर्देश के बाद कोरोना से संबंधित किसी भी घटना से निपटने के लिए और तत्परता सुनिश्चित करने के लिए जिला अस्पताल तथा सभी स्वास्थ्य केंद्रों में मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। यह अभ्यास स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता,आइसोलेशन बेड की क्षमता,ऑक्सीजन-समर्थित बेड, आईसीयू बेड, पीपीई किट, आरटीपीसीआर टेस्ट,वेंटिलेटर-समर्थित बेड, डॉक्टरों, नर्सों, पैरामेडिक्स, आयुष डॉक्टरों की अधिकतम उपलब्धता जैसे मापदंडों का जायजा लिया गया। इस दौरान आशा और आंगनवाड़ी कार्यकताओं सहित अन्य फ्रंटलाइन कार्यकर्ता की भी जानकारी ली गई। उपायुक्त नैंसी सहाय ने भी स्वास्थ्य समिति की बैठक में इस बाबत कई निर्देश पूर्व में भी दिए है।

# डीएमएफटी मद अंतर्गत विशेषज्ञ डॉक्टरों के चयन के लिए साक्षात्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतू डीएमएफटी (जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट) मद अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों (ऑथोर्पेडिक, गेयनिकोलॉजिस्ट, पेडियाट्रिशियन, ईएनटी स्पेशलिस्ट, ऑपथेल्मोलॉजिस्ट, सर्जन, जनरल फिजीशियन, एनेस्थेटिस्ट) की नियुक्ति हेतु



साक्षात्कार का आयोजन उपायुक्त की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय भवन के सभाकक्ष में किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों के कुल 21 रिक्तियों के विरुद्ध साक्षात्कार में कुल 27 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने कहा साक्षात्कार का परिणाम जल्द ही घोषित किया जाएगा। जिले में स्वास्थ्यकर्मियो की नियुक्ति डीएमएफटी मद अंतर्गत सेहत-मित्र योजना के तहत की जा रही है। सेहत मित्र योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ह्यूमन रिसोर्स के गैप को कम करने का प्रयास डीएमएफटी के माध्यम से किया जा रहा है।

## चाणक्या में यूपीएससी की तैयारी के लिए बड़कागांव के विवेक को मिली शत प्रतिशत की स्कॉलरशिप

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** चाणक्य आईएएस एकेडमी द्वारा पिछले 18 दिसम्बर को हजारीबाग जिला के विभिन्न पंद्रह परीक्षा सेंटरों में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता परीक्षा में नटराज नगर बड़कागाँव के महेंद्र कुशवाहा के द्वितीय पुत्र विवेक कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता परीक्षा में जिलेभर से पांच हजार से अधिक परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया था। विवेक को चाणक्या आईएएस एकेडमी द्वारा यूपीएससी की तैयारी हेतु शत प्रतिशत की स्कॉलरशिप प्रदान कर नामांकन ली गयी।परीक्षा में रैंक 1 से 3 को 100 प्रतिशत,4 से 15 को 75 प्रतिशत, रैंक 16 से



25 को 50 प्रतिशत, रैंक 26 से 40 को 40 प्रतिशत, रैंक 41 से 50 को 30 प्रतिशत, रैंक 51 से 100 को 20 प्रतिशत एवं रैंक 101 से 1500 को 15 प्रतिशत की स्कॉलरशिप सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी हेतु प्रदान की जा रही है। जनरल मैनेजर श्रीमती रीमा मिश्रा ने बताया की इस तरह की परीक्षा का आयोजन कर जिले के गरीब गुरबे व प्रतिभाशील विद्यार्थी सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने से वंचित ना रह जायें इसे ध्यान में रखते हुए स्कॉलरशिप प्रदान कर उनकी तैयारी में मदद करना है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग में चाणक्य आईएएस एकेडमी का ब्रांच खुलने से सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थी दिल्ली जाने से बच रहें हैं एवं यूपीएससी की तैयारी करना अब आसान हो गया।

## मचान में आग लगने से पुआल जल कर राख

**बड़कगांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के डाडीकला गांव के चंद्रदेव महतो के पुवाल के माचा में अचानक आग लग जाने के कारण से लोगो में अफरा तफरी मच गई। उपस्थित ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए अपने-अपने घरों से बाल्टी से पानी डालने लगे परंतु आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग पर काबू नहीं पाया गया और देखते ही देखते सब जलकर राख हो गया। बताते चलें कि मचा के बगल में ही दो तीन घर थे अगर ग्रामीण चौकस नहीं होते तो घर में भी आग लग सकती थी। वाल में आग लग जाने के कारण किसानों को हजारों रुपए के नुकसान हुआ है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से मुआवजे की मांग की है ताकि किसान फिर से पुआल खरीद सके और अपने जानवरों को खिला सके।

## टाटीझरिया के मजदूर की बेंगलुरु में हुई मौत

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डुमर निवासी 40 वर्षीय कुंजो राम पिता स्व. कैला राम की मौत बैंगलोर में हो गई है। परिजनों ने उसके मौत होने की वजह किडनी खराब व पैर में जख्म होना बताया है। उन्होंने बताया कि कुंजो राम छह वर्ष पहले काम के लिए बैंगलोर गया हुआ था। वह वहां ढलाई सेटरिंग में मजदूर का काम करता था। कुंजो राम किडनी की बीमारी से ग्रसित था और उसके पैर में जख्म था। शनिवार की रात वह खाना खाकर बाथरूम गया और अचानक गिर पड़ा। ईलाज के लिए रविवार को उसे बैंगलोर के अस्पताल में ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार को उसका पोस्टमार्टम किया गया। परिजनों ने बताया कि शव को बैंगलोर से डुमर लाने की प्रक्रिया की जा रही है। कुंजो राम मजदूरी करने छह वर्ष पहले बैंगलोर गया था। वह अपने पीछे पत्नी, बेटा दीपक राम 19 वर्ष, विशाल राम 10 वर्ष व बेटी सपना कुमारी 8 वर्ष को छोड़ गया है।

## नवजात बच्ची के बेहतर इलाज के लिए अस्पताल प्रबंधन से मिलीं विधायक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव के मुस्लिम मोहल्ला निवासी मो यासिन का पुत्र मोहम्मद सरफराज एवं चांदनी प्रवीण का नवजात पुत्री को बेहतर इलाज के लिए विधायक अंबा प्रसाद ने की मदद।उक्त बच्ची का इलाज रांची के रानी हॉस्पिटल में चल रहा था।इसकी सूचना कांग्रेस के जिला महासचिव पंकज गुप्ता ने विधायक अंबा प्रसाद को दूरभाष पर जानकारी दिया ।तत्पश्चात विधायक अंबा प्रसाद इसे संज्ञान में लेते हुए रानी हॉस्पिटल जाकर मोहम्मद सरफराज एवं चांदनी परवीन की नवजात शिशु से मिलकर हालचाल लिया । एवं विधायक बच्ची की इलाज के लिए विधायक अंबा प्रसाद स्वयं ब्लड देने के लिए तैयार हो गयी। किंतु



हॉस्पिटल में प्रबंधक द्वारा ब्लड की व्यवस्था करा दिया गया था।विधायक ने आयुष्मान कार्ड के तहत इलाज कराने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर इलाज करवाने के लिए सहयोग करने की जिम्मेवारी ली। एवं रानी हॉस्पिटल के लिए आयुष्मान कार्ड के तहत बकाया पैसा दो करोड़ रुपए का अलॉटमेंट भी करवाई। इससे अस्पताल प्रबंधन ने विधायक को आभार व्यक्त किया। ईधर पंकज गुप्ता ने विधायक अंबा प्रसाद को साधुवाद देते हुए कहा कि विधायक द्वारा सहिया बहने के लिए 18000 मानदेय एवं स्थाई करण करने की आवाज उठाई सदन इसके लिए सभी बड़कागांव वासी आभार व्यक्त करते है।साथ ही विधायक द्वारा सड़क जाम से मुक्ति करने के लिए बाईपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर भी विधायक के प्रति आभार व्यक्त की गयी।

### आइसेक्ट विश्वविद्यालय व कृषि विज्ञान केंद्र, नवादा के बीच हुआ एमओयू

# विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि क्षेत्र में प्रशिक्षण व शोध में मिलेगी मदद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग व कृषि विज्ञान केन्द्र नवादा, बिहार के बीच मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) किया गया। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के विद्यार्थी अब कृषि विज्ञान केन्द्र, नवादा में रूरल एग्रीकल्चर वर्क एक्सपीरियंस (रावे) के साथ साथ अपने शोध कार्यों को भी बढ़ावा दे सकेंगे। एमओयू के लिए कृषि विज्ञान केंद्र से आए वरीय वैज्ञानिक डॉ रंजन कुमार सिंह का आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार द्वारा पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया।




विश्वविद्यालय में कृषि संबंधित कोर्सों की जानकारी प्राप्त करने के बाद श्री सिंह आईसेक्ट विश्वविद्यालय में संचालित कृषि गतिविधियां देखकर काफी खुश हुए और विश्वविद्यालय के स्नातक व परास्नातक के विद्यार्थियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कृषि क्षेत्र को लेकर भविष्य में करियर की संभावनाओं के बारे में विद्यार्थियों को बताया। इसके बाद मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद व वरीय वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के विभागाध्यक्ष डॉ रंजन कुमार सिंह ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। हस्ताक्षर के बाद कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि इस एमओयू से विश्वविद्यालय एवं कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा छात्र कल्याण, शोधकार्य व किसानों के हित में कार्य किए जाएंगे। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि दोनों संस्थानों के एमओयू से कृषि क्षेत्रों व शोध कार्यों में विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा, जो उनके बेहतर भविष्य के लिए जरूरी है। मौके कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक डॉ रंजन कुमार सिंह, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार के अलावा डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, कृषि विभाग के प्रभात किरण, डॉ सत्य प्रकाश विश्वकर्मा व प्रिया कुमारी मौजूद थे।

## 53 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** एसपी मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना मिली थी जिसपर रोमी चौक से दो लोगों को 53 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पेलावल ओपी पुलिस ने धर दबोचा है। थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह ने बताया की आरक्षी अधीक्षक मनोज रतन चौथे को गुप्त सूचना मिली थी जिस पर दो लोगों को ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा गया है। पेलावल ओपी कांड संख्या 206/22 एनडीपीएस एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त फैज अंसारी उर्फ बिट्टू पिता इम्तियाज अंसारी ग्राम हुडहुडू, थाना बड़ा बाजार ओपी, जिला हजारीबाग, मोहम्मद रब्बानी उर्फ फैजल, पिता बब्बन अंसारी उर्फ मुबारक हुसैन, साकिन रोमी थाना कटकमसांडी पेलावल जिला हजारीबाग को 53 ग्राम ब्राउन शुगर जिसका कीमत लगभग 4 लाख रुपए है के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

## एनटीपीसी आइटीआइ के तत्वावधान से वार्षिक खेल दिवस का आयोजन




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी आईटीआई ढेंगा बड़कागांव में वार्षिक क्रीडा महोत्सव मंगलवार को मनाया गया । मुख्य अतिथि आरएनआर के उप महाप्रबंधक एसके सेनापति ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर उन्होंने कहा कि खेलकूद जीवन का अहम हिस्सा है खेलकूद पाठ्यतर नहीं बल्कि पाठ का प्रमुख हिस्सा है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निवास होता है । परिवार समाज एवं देश स्वस्थ रहेगा तो हम सदैव विकास के पथ पर अग्रसर रहेंगे । आईटीआई के अधीक्षक मिथलेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि जिद करो दुनिया बदलो और मजबूत पकड़ , पक्के इरादों से आप मंजिल को पा सकते हैं । हमेशा ही जोश से और जज्बा रखें , हमेशा खुश रहकर उमंग उत्साह से दुनिया जीतने का हौसला रखें । कार्यक्रम का संचालन कर रहे विद्युत अनुदेशक मुकेश कुमार ने कहा कि खेलकूद शारीरिक एवं मानसिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है । इस दौरान प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, कबड्डी, कैरम, चेस , बैडमिंटन आदि इवेंट हुए जिसमें छात्रों एवं साथ अनुदेशकों के द्वारा बहुत ही अच्छे खेल का प्रदर्शन देखने को मिला । सभी प्रतिभागियों को उनके बेहतर खेल के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनुदेशक महेश कुमार नायक,अमरेश कुमार विद्यार्थी, विकास चौरसिया, शाहिद अख्तर, संजीत मेहता,संदीप मौर्या, इरफान अंसारी, प्रदीप गुप्ता, उपेंद्र कुमार, श्रीनाथ श्री, सुनील सिंह, रवि प्रजापति आदि उपस्थित थें।

## इचाक पुलिस ने चलाया अवैध शराब निर्माण के खिलाफ अभियान



**इचाक (आजाद सिपाही)।** इचाक थाना की पुलिस अवैध रूप से चलाए जा रहे शराब निर्माण के खिलाफ अभियान चला रही है। सोमवार को विशेष छापामारी दल बना कर ग्राम लुकैया में चलाए जा रहे दारू भट्ठे को तोड़ते हुए 16 क्विंटल जावा महुआ विनष्ट किया। वहीं मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम कारिमाटी से 12 क्विंटल जावा महुआ विनष्ट किया गया। इस दौरान दारू बनाने के सामान को भी तोड़ दिया गया। इस अभियान में एसआई विनायक पांडे, आदित्य कुमार, अभय कुमार, एएसआई साकेश सिंह समेत थाना के पुलिस बल शामिल थे।

## बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष ने बड़कागांव एवं केरेडारी का किया दौरा



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हजारीबाग बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष शीला देवी द्वारा बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा किया गया। इस दौरान शीला देवी के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सूरज कुमार, मुन्ना पासवान, हीरालाल मांझी, इंद्रदेव राम, राजेश गुप्ता, अनिल गुप्ता आदि शामिल थे। बड़कागांव प्रखंड के जुगरा, सांढ, पकरी बरवाडीह एवं केरेडारी प्रखंड के कराली, गरी आदि गांव का दौरा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष शीला देवी ने कहा कि आगामी लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी स्वयं प्रत्याशी उतारकर चुनाव लड़ेगा। इसी के मद्देनजर केंद्रीय कमेटी के निर्देशन में लोकसभा के विभिन्न प्रखंडों में दौरा की जा रही है।

## अडाणी फॉउंडेशन ने 60 टीबी रोगियों के बीच किया पोषण आहार किट का वितरण




**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत 60 यक्ष्मा रोगियों के बीच पोषक आहार किट का वितरण किया। बड़कागांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित इस वितरण समारोह में अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के परियोजना प्रमुख धर्मेंद्र दुबे ने सभी लाभार्थियों के बीच पोषक किट का वितरण करते हुए इसका सदुपयोग करने का आग्रह किया। साथ ही इसकी जानकारी अन्य जरूरतमंद लोगों तक भी पहुंचाने की अपील की ताकि उन्हें भी इसका लाभ मिल सके। कार्यक्रम में उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर बीएम प्रसाद ने अदाणी फाउंडेशन का आभार जताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार का सहयोग करने का आग्रह किया। पोषण किट में हॉर्लिक्स, च्यवनप्राश, सरसों का तेल, खड़ा चना, गुड, अरहर और मूंग की दाल शामिल थे।

## ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बिष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** बिष्णुगढ़ प्रखंड बनासो स्थित ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों को मंगलवार को नव वर्ष के उपलक्ष में शैक्षणिक भ्रमण के लिए रांची बिरसा मुंडा उद्यान (चिड़ियाघर घर) भ्रमण करवाया गयो इस अवसर पर स्कूल के संचालक डूमरचंद महतो चिड़ियाघर के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारियां दी। साथ ही विभिन्न प्रकार के जीव जंतु पशु-पक्षी सौंदर्य से हरे हरे भरे पेड़ पौधों तथा फूलों का मनोरम दृश्य का सानिध्य पाकर सभी बच्चें काफी खुशी उत्साह के साथ आनंदित हूऐ इसके साथ साथ मछली घर का भ्रमण कर तरह-तरह के मछलियों को देखे संचालक ने सभी के बीच बताया कि जगंली जीव-जन्तु और पशु-पक्षी स्वच्छन्द रूप से वनों और जंगलों में विचरण करते हैं, जिनमें से कुछ समय-समय पर मानवजाति को विविध रुपों में कष्ट देते चले आये हैं और आज भी कष्ट देते हैं। किन्तु पालतू पशु-पक्षी सदैव से मानव जाति के उपयोग में आते रहें हैं और वे मनुष्यजाति को सुख, सुविधा और समृद्धि प्रदान करते रहे हैं। भारत में पक्षियों की कोई 1301 प्रजातियाँ हैं जिनमें से 42 केवल भारत में पायी जाती हैं; 1 मानव द्वारा विकसित है तथा 26 दुर्लभ प्रजातियाँ हैं। डूमरचंद महतो (संचालक) मेहीलाल दास, विनय कुमार, अशोक कुमार मण्डल, विजय कुमार रिमझिम पाण्डेय, संजू पटेल। अजय साव, गणेश साव, सीमा कुमारी,लाडली पाण्डेय, छात्र व छात्रा लोग उपस्थित थे।

# समुदाय के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाना मिशन बदलाव का उद्देश्य



**मिशन बदलाव महिला टीम ने किया बच्चों के लर्निंग सेंटर का उद्घाटन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** मिशन बदलाव के द्वारा शिक्षा का ज्योत जलाने के उद्देश्य से वार्ड संख्या-1 टुकुटोली में मिशन बदलाव महिला टीम के द्वारा बच्चों के लिये स्कूल लर्निंग सेंटर शुरू किया गया। पूरा सेंटर मिशन बदलाव महिला टीम की देखरेख में संचालित होगा। लर्निंग सेंटर के माध्यम से सामुदायिक और मुहल्ले की भागीदारी को बढ़ाया जायेगा। मिशन बदलाव की महिला टीम के सैयदा खातून, जयोति कुमारी, चंदकला टोप्पो ने कहा मिशन बदलाव का अभियान शिक्षा एक ज्योत के माध्यम से सेवारत शिक्षक, सेवानिवृत्त शिक्षक, सरकारी अधिकारी, सेवानिवृत्त सेना के जवान, व्यापारी, पूर्व छात्र, गृहिणी सहित अन्य कोई साक्षर व्यक्ति बच्चों की मदद कर सकता है। वह अतिरिक्त कक्षाएं लेकर शिक्षण, बच्चों को कैरियर के मार्ग दर्शन करने के अलावा मुफ्त उपकरण या सामग्री देकर सहयोग कर सकता है। सेंटर को चलाने में मिशन बदलाव महिला टीम सदस्य पूनम टोप्पो बच्चों को पढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगी। शिक्षक पूनम टोप्पो ने कहा कि प्रत्येक दिन दो घण्टे बच्चों को नैतिक सामाजिक शिक्षा के साथ जोड़ने को लेकर ये पहल शुरू की गयी है।

मिशन बदलाव का लर्निंग सेंटर उदघाटन कार्यक्रम में मिशन बदलाव के संस्थापक सदस्य भूषण भगत, जितेश मिंज, मिशन बदलाव सलाहकार कमेटी सदस्य पंकज गोस्वामी एवं मिशन बदलाव सदस्य बिनय गोप, लखन गोप, विनिता उरांव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## टांगीनाथ धाम में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन का वनभोज कार्यक्रम आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन जिला गुमला का वनभोज बुधवार को टांगीनाथ धाम में अयोजित किया गया है। गुमला जिला के डुमरी प्रखंड के अंतर्गत टांगीनाथ धाम के समीप डांड़ टोली बासा नदी के तट पर प्रातः 10:00 बजे से समाज के द्वारा एक ऐतिहासिक बृहद जिला स्तरीय कार्यकम रखा गया है। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बड़कागांव की विधायक अम्बा प्रसाद, पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव एवं राष्ट्रीय तेली महासंगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। साथ ही बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़, बिहार, उड़ीसा राज्य से भी तेली समाज के सदस्यों के शामिल होने की संभावना है। महासंगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार नीलेश ने गुमला के सभी स्वजातीय सदस्यों से ससमय कार्यक्रम स्थल पर आने का आग्रह किया है।

## रायडीह प्रखंड में तीन दिनों से हाथियों के उत्पात मचाने से ग्रामीण परेशान



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड में तीन दिनों से लगातार हाथियों का झुंड उत्पात मचाये हुए है। जिससे ग्रामीण काफी परेशान हैं। जनकारी के अनुसार आज सुबह करीब पांच बजे उपरखटंगा पंचायत के सोपो गांव में दो व्यक्ति रुस्तम तिर्की और बिल्चुस मिंज का घर को हाथियों का झुंड ने नुकसान पहुंचाया है। बताते चलें कि रुस्तम तिर्की के घर को हाथियों के झुंड ने हल्का नुकसान पहुंचाया है। जबकि बिल्चुस मिंज के घर और घेरा को बहुत की नुकसान पहुंचाया है। इस बात का पता चलते ही वन विभाग के कर्मचारियों ने घटना स्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली। उसके बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने बताया कि सरकारी सुविधा के अनुरूप रुस्तम तिर्की और बिल्चुस मिंज के नुकसान की भरपाई की जाएगी। वन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों के बीच टार्च का वितरण किया, जिससे हाथियों का झुंड को भगाने में मदद हो। ग्रामीणों की हरसंभव सहायता करने के लिए वन विभाग के कर्मचारी तत्पर हैं। इस मौके पर मुखिया कांता एक्का, फॉरेस्टर सम्मी आफताब, रजत डुंगडुंग, हेमराज उरांव सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

**कार्यक्रम : साप्ताहिक जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं**

# सिसई बरटोली निवासी महिलाओं ने राशन कार्ड से राशन दिलवाने की मांग की

**उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निष्पादन का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त का साप्ताहिक जनता दरबार लगा। जनता दरबार में डीसी सुशांत गौरव ने लोगों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं को सुना। जनता दरबार में सिसई बरटोली निवासी पूनम देवी, देवकी देवी, सावित्री देवी, पुनिता देवी, अंजू देवी आदि महिलाओं ने राशन कार्ड से राशन दिलवाने की मांग की।

घाघरा प्रखंड के सुकेश्वर उरांव द्वारा बताया गया कि जामटोली स्थित नवप्राथमिक विद्यालय के अप्रशिक्षित शिक्षक ने तीन वर्षों का बकाया मानदेय का भुगतान कराने की मांग की। इस संबंध में उपायुक्त ने आवेदन पत्र को एडीपीओ को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया।

रायडीह प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय खीराखांड़ के ग्रामीणों ने उपायुक्त को आवेदन समर्पित कर बताया कि विद्यालय भवन का निर्माण कराने की मांग की। इनके आवेदन पत्र को आवश्यक कर्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

गुमला प्रखंड अंतर्गत सिलाफारी के स्व. भवनाथ साहू की पत्नी तारा देवी ने पलमा-गुमला पथ चौड़ीकरण में जमीन अधिग्रहित होने और घर टूटने के संबंध में आवेदन दिया है। तारा ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण में उसका घर टूट रहा है। वह अपनी एक बेटी के साथ रहती है। घर टूटने से वह सड़क पर आ जायेगी। इस आवेदन को पत्र को अपर समाहर्ता को उचित कर्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

घाघरा के बिरू राय ने डीसी से गुमला लोहरदगा रोड में पांच डिसमिल जमीन उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि वह भूतपूर्व सैनिक है। श्रीनगर से सेवानिवृत्त होने के बाद घाघरा में रहा है। घाघरा की अमृता कुमारी ने शादी के लिए आर्थिक मदद करने, कुम्हरिया सुअरगुड़ा के विजय लोहरा ने दैनिक रोजगार देने, बसिया बानागुटु के बलराम साहू ने दाखिल खारिज कराने, कामडारा सालेगुटु की बसंती देवी ने पीएम आवास बनवाने, गुमला के तेलगांव पंचायत में पंचायत सचिवालय की जमीन कब्जा से मुक्त कराने, सिसई के पिल्खी मोड़ से बस स्टैंड होते हुए कॉलेज रोड तक सड़क बनाने, सिसई के पिलखी डाड़टोली के ग्रामीणों ने श्मशान घाटन जाने वाले रास्ते में पुलिया बनाने, गुमला के उर्मी ग्राम निवासी भांवरा लोहरा ने मकान का मरम्मती कराने की मांग की। इसके साथ ही अन्य फरियादियों ने भी डीसी के समक्ष अपनी समस्या को रखा और समाधान की मांग की। जिसपर डीसी सुशांत गौरव ने फरियादियों के आवेदन को संबंधित विभागों को अग्रसारित करते हुए समस्या समाधान करने का निर्देश दिया।

# विहिप दुर्गा वाहिनी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एवं मातृशक्ति प्रशिक्षण का आयोजन

**शिविर में अपने शक्ति को जानने व धर्मनिष्ठ बनने का दिया जायेगा प्रशिक्षण : पूनम सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** सर्वेश्वरी बाल मंदिर घाघरा में विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग एवं मातृशक्ति प्रशिक्षण का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्रशिक्षण वर्ग में सैकड़ो की संख्या में बच्चियां और महिला शामिल हुई। प्रशिक्षक काजल सोनी, सुधा, संध्या आंचल, अरुणा सारंगी द्वारा कई विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूनम सिंह ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में कई विषयों पर विस्तृत जानकारी अपने शक्ति को जानने धर्मनिष्ठ बनने को दी जाएगी। आप सभी पूरी ईमानदारी के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करें। वहीं केशो शाय ने कहा कि आप सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर प्रशिक्षण से संबंधित सभी जानकारियों को लोगों के बीच साझा करें ताकि इस प्रशिक्षण का लाभ अन्य लोगों को भी मिल सके। महिलाएं बच्चियां खुद को सशक्त बनाएं ताकि आने वाले समय में आत्मनिर्भर के साथ साथ खुद को शक्तिरूप बना सके। इसके साथ ही कई अन्य लोगों ने भी संबोधन किया। दुर्गा वाहिनी की प्रखंड संयोजिका ज्योति पांडे, विभाग संयोजिका अनीता देवी ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण की शुरूवात हुई। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर रही बच्चियों और महिलाओं को सशक्त समृद्ध और शक्तिशाली बनाने अपने धर्म की रक्षा करने सहित कई विषयों पर जानकारी दी जाएगी। मौके पर उपस्थित लोगों में विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष संजय सिंह, सुसीत गोस्वामी, बजरंग दल संयोजक अजय गुप्ता, निखिल कुमार गुप्ता, संगीता कुमारी, दीपक गुप्ता, संतोष मिश्रा, रूपेश कुमार सिंह, मनबोध बढ़ाईक, योगेंद्र भगत, राजू सिंह तोमर सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, कोई हताहत नहीं



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नाथपुर पंचायत अंतर्गत पालकोट मुख्य पथ पर आज एक अनियंत्रित ट्रक घर में जा घुसा। जानकारी के अनुसार लगभग दो बजे बसिया पालकोट मुख्य पथ पर बने एक घर को जोरदार टक्कर मार दी। गौरतलब उस समय घर में केवल प्रफुल सोरेन मौजूद था। जैसे ही जोरदार आवाज हुई वह दौड़कर बाहर भागा। जिसके कारण किसी की जान नहीं गयी। केवल चालक को हल्की फूलकी चोटें आयी हैं। मरियानुष सोरेंग रोड किनारे घर बना कर रहता था, उसके दो बेटों में एक बड़ा बेटा प्रफुल सोरेन एवं उसके चार छोटे-बड़े बच्चे हैं। जमीन पर भी केवल छह माह के ही खाने के लिय खेती होती है। इधर उधर ही काम कर के रोजी रोटी चलता है। प्रफुल बताते हैं कि इस हादसे से लगभग एक लाख का नुकसान हुआ है, अब आगे प्रशासन मालिक है। मौके पर पालकोट बीडीओ मनीष कुमार, जिला परिषद सदस्य सुकान्ति देवी व समाज सेवी सुमित केसरी की ओर से एक बोरा चावल सहयोग में दिया गया। पालकोट थाना प्रभारी अनिल लिंडा की मौजूदगी में ट्रक को घर से थाना लाने का काम हो रहा था।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



**भरनो (आजाद सिपाही)।** एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो बेड़ो बॉर्डर स्थित राजीव पेट्रोल पंप असरो के समीप मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार बसिया थाना क्षेत्र के गंगड़ा निवासी पवन कुजूर (18) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर बेड़ो थाना ले गयी। जानकारी के अनुसार बाइक सवार पवन कुजूर भरनो से बेड़ो की ओर जा रहा था। इसी बीच वह असरो पेट्रोल पंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। वहीं मृतक के पिता जय मंगल कुजूर ने बताया कि पवन अपने घर से सुबह सात बजे भरनो जाने की बात कह कर निकला था। पवन कुजूर गोस्सनर कॉलेज रांची में पढ़ाई करता था। इधर घटना की सूचना पर बेड़ो थाना पहुंचे स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए रिम्स रांची भेज दिया और दुर्घनाग्रस्त बाइक को अपने कब्जे में कर लिया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## गांधी फेलो सुपर्णा मोदक ने कस्तूरबा की बच्चियों को दिया हस्तनिर्मित सेनेटरी पैड बनाने का प्रशिक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** पीरामल फाउंडेशन के गांधी फेलो सुपर्णा मोदक ने मासिक धर्म के समय स्वच्छता के प्रति जागरूकता विषय पर घाघरा प्रखंड के शिवराजपुर पंचायत अंतर्गत अवस्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बच्चियों को सक्षम बनाने के उद्देश्य से हस्तनिर्मित सेनेटरी पैड बनाने को लेकर प्रोत्साहित किया एवं प्रशिक्षित किया। बताते चलें कि सुपर्णा मोदक पीरामल फाउंडेशन की गांधी फैलो हैं, जो 20 दिन का कम्यूनिटी इमल्शन प्रोसेस को पूरा करने के लिए शिवराजपुर पंचायत में रहकर वहां के ग्रामीणों की समस्याओं को समझा और उसका समाधान ढूंढने का प्रयास किया। इसको लेकर उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं को प्रशिक्षित किया ताकि वह समुदाय में जाकर अपने घर परिवार और आस-पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी दे सकें और समाज में एक क्रांति ला सकें। इसको बनाने में उपयोग आने वाले सामानों को लेकर इसे तैयार किया, जो मार्केट में मिलने वाले किसी भी सेनेटरी पैड से काफी कम लागत से तैयार होता है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की लगभग 360 बच्चियों को प्रशिक्षित किया जो इसे पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर समाज में इसका प्रचार प्रसार करने में सहायक होंगी।

## बीडीओ-सीओ ने किया प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉटों का निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण मंगलवार को बीडीओ विष्णुदेव कच्छप व सीओ प्रणव ऋतुराज के अलावे कई अधिकारियों ने किया। इस दौरान देवाकी बाबा धाम, देवाकी नर्सरी, देवाकी डैम, टांगर शिकवार टोंगरी, कोयल नदी, बंसरी नदी व मसरिया डैम सहित कई पिकनिक स्पॉट का निरीक्षण किया। इस दौरान बीडीओ व सीओ ने स्थानीय मुखिया व पंचायत समिति सदस्यों को निर्देश दिया है। जिस भी क्षेत्र में पिकनिक स्पॉट है वहां के मुखिया व पंचायत समिति सदस्य ग्रामीणों के साथ बैठक कर 12 सदस्यीय ग्रामीणों का टीम बनायें, जिसमें पांच ऐसे सदस्यों को जो तैरना जानते हों। पिकनिक स्पॉट में समय निर्धारित की जाएगी, ताकि किसी भी तरह से अनहोनी ना हो। असामाजिक तत्वों की पहचान कर तुरंत थाना को सूचित करें ताकि किसी भी तरह की घटना घटने से पहले उसे रोका जा सके। इस दौरान थानेदार अमित कुमार चौधरी को भी निर्देश देने की बात कही और कहा कि जितने भी पिकनिक स्पॉट हैं। जहां लोग पिकनिक मनाने के लिए जाते हैं, वैसी जगहों पर पुलिस के जवान तैनात हों। खुद थाना प्रभारी सभी पिकनिक स्पोर्ट का जायजा लें। किसी भी तरह से सुरक्षा व्यवस्था में चूक ना हो इसे ध्यान में रखें।

## नगड़ी में उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की टीम ने छापामारी कर 150 पेटी अवैध शराब बरामद किया



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना क्षेत्र स्थित बालालौंग बस्ती से उत्पाद विभाग और रांची पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर मंगलवार को 150 पेटी अवैध शराब बरामद किया है। रांची पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बालालौंग इलाके में शराब माफिया बड़े पैमाने पर अवैध शराब का कारोबार कर रहे हैं इस सूचना के आधार पर रांची पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने दोपहर में संयुक्त रूप से छापेमारी कर एक एस्बेस्टस के मकान में रखे भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की जब्त शराब की पेटियों में ओल्ड मोंग और ट्रीपल एक्स रम की बोतलें भरी थी। जब्त शराब में अरूणाचल प्रदेश की मुहर लगी है। बरामद शराब का बाजार मूल्य लगभग सात लाख रुपए बताया जा रहा है. पुलिस मकान मालिक का पता लगाने में जुटी है. छापामारी टीम में पुलिस निरीक्षक आभाश कुमार, उत्पाद विभाग के एस आई प्रदीप शर्मा, नगड़ी थाना के अवर निरीक्षक इंद्रदेव उरांव सहित अन्य पुलिस कर्मी और उत्पाद विभाग के कर्मी शामिल थे।

## बेड़ो के नेहालू केनाभिठा में मुखिया ने आंगनबाड़ी भवन की रखी आधारशिला



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के नेहालू केनाभीठा गांव में मंगलवार को आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन के बाद पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र भगत ने नारियल फोड़ कर आधारशिला रखी। मौके पर मुखिया ने कहा गांव की हर बुनयादी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किया जा रहा है। गांव के विकास के लिए हर जरूरी निर्माण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने में तत्परता के साथ लगा हूं। उन्होंने कहा कि बहुत दिनों से ग्रामीणों की मांग के बाद बनने वाले इस भवन से बच्चों व ग्रामीणों को सुविधा मिलेगी। मौके पर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, वार्ड सदस्य, पंसस विदेश मुंडा, मीर मुस्लिम, कुतलु लोहरा समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

**लाचारी : श्मशान घाट के समीप झोपड़ी में शारीरिक-मानसिक रूप से दुर्बल पुत्र के साथ रहने को मजबूर है बुजुर्ग दंपति**

# सरकारी आशियाना और कुआं दिलाने के नाम पर छह साल पूर्व बिचौलिये ने हड़प लिये 20 हजार रुपये

**अपनी जमा पूंजी गंवा कर भी आशियाने के लिए मददगार रहनुमा की तलाश में दर दर भटकने को मजबूर है बुजुर्ग दंपति**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** श्मशान घाट के समीप नदी तट में झोपड़ी में एक शारीरिक-मानसिक दुर्बल पुत्र के साथ रहने को मजबूर एक बुजुर्ग दंपति। सरकारी आशियाना और कुआं की आस में छह साल पूर्व परिवार बिचौलिया के हाथों चाय बगान से कमाकर लाये 20 हजार रुपये की जमा पूंजी लुटा चुका है।

मुख्यालय से महज तीन किमी दूर बसे सकरौली गांव के पारस नदी मुक्ति धाम के समीप 66 वर्षीय सुकरा लोहरा, पत्नी रतैन देवी (62) व पुत्र रघुवीर लोहरा (23) के परिवार झोपड़ी में रहने को मजबूर है। पैतृक गांव सकरौली कुम्बाटोली चार भाइयों में सुकरा लोहरा सबसे छोटा भाई है। कच्ची मिट्टी का बना पुस्तैनी घर गिरने के बाद सुकरा के तीन भाई अपने पूरे परिवार के साथ रोजगार व जीवन यापन के लिए बाहर रहने चले गए। वहीं सुकरा के तीन बेटे कांशी, बैजनाथ व हिन्दू लोहरा शादी के बाद अपने-अपने परिवार को लेकर अन्यत्र बस गये। भूमिहीन होने के कारण सुकरा के पूर्वज को 3.5 एकड़ जमीन बंदोबस्ती में मिली थी। नदी तट के समीप बंदोबस्त जमीन पर सुकरा ने सरकारी कूप नहीं मिलने पर दो वर्ष पूर्व जीवन यापन के लिए स्वयं से एक कुआं (चुंआ) की खुदाई व अकेले पत्थर तोड़कर पटाई की है।

पूर्व में सुकरा लोहरा ने भी अन्य भाइयों की तरह चाय बगान में मजदूरी का काम करते हुए अपने बच्चों की पढ़ाई व परवरिश किया और वापस लौटकर तीन बेटों की शादी भी करायी। जो गरीबी व रोजगार के लिए अपने मां-बाप व छोटे भाई को छोड़कर कहीं और रहने चले गए हैं। सुकरा का बड़ा भाई दशरथ लोहरा जो पंजाब में मजदूरी करता है, उसके बेटों द्वारा वापस लौटने की इच्छा जताकर सुकरा की झोपड़ी के बगल में एक मकान बनवाया जा रहा है। गरीबी व लाचारी में एक सरकारी आवास की आस में भटकने के बाद करीब छह साल पहले पास के गांव के एक बिचौलिया के झांसे में आकर अपनी जमा पूंजी 20 हजार गंवा कर भी आशियाने के लिए मददगार रहनुमा की तलाश में दर दर भटकने को मजबूर है।

### लाल राशन कार्ड के अनाज व एक हजार रुपये पेंशन से होता है गुजर बसर

सरकार की ओर से तीन परिवारों का लाल राशन कार्ड जिसमें तीन किलो गेहूं व 12 किलो चावल व सुकरा को 1000 का वृद्धा पेंशन मिलता है, इसी में पूरे परिवार का गुजर बसर होता है। एक साल पूर्व पत्नी रतैन देवी का भी पेंशन कागज बना था, लेकिन आज तक एक भी पेंशन राशि उसके खाते में नहीं मिली है। दोनों दंपति वृद्ध व मैट्रिक पास छोटा बेटा रघुवीर शारीरिक व मानसिक रूप से लाचार होने के कारण कहीं मजदूरी करने में भी असमर्थ है। भला हो सकरौली गांव के रहम दिल व्यक्ति चरकू साहू का जो कुछ दिन पहले इन बेसहारों को अपने खाली पड़े मकान में रहने के लिए जगह दिया है। किन्तु कब तक यह बेबस परिवार दूसरे के सहारे मिले आशियाने में जीवन यापन करता रहेगा। सुकरा लोहरा ने सरकारी आवास, पत्नी व हाथ से लाचार बेटे का पेंशन व आवास के लिए बिचौलिया द्वारा हड़पी गयी राशि की वापसी व अन्य सरकारी लाभ दिलाने की शासन-प्रशासन से गुहार लगायी है।

